## स्वस्थ एवं स्वच्छ भारत के लिए सबकी भागीदारी जरूरी-देवासी

अन्तर्राष्ट्रीय स मेलन में जुटे कई देशों के प्रतिनिधि

आबू रोड, 3 अक्टूबर, निसं। जाति, पाति और धर्म के सरहद से एकता प्रभावित होती है। जबकि मनुष्य की हकीकत कुछ और है, हम सब एक ईश्वर की संतान है और रहेंगे। इसलिए मजहबी दिवारों से उपर उठना चाहिए। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारीज संस्था की मु य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने व्यक्त किये। वे ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय स मेलन में के उदघाटन अवसर पर बोल रही थी।

उन्होंने कहा कि हम एक स्वस्थ समाज अथवा भारत का निर्माण तभी कर पायेंगे जब स्वच्छता हमारी सोच में भी होगा। इससे मनुष्य जाति धर्म से उपर उठ जायेगा और सदभावन का माहौल बनेगा। यहाँ से जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में राजयोग के जरिये अध्यात्म को अपनाना होगा।

राजस्थान के पशुपालन एवं देवस्थान राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के लिए सबकी भागीदारी जरूरी है। क्योंकि बिना सबके सहयोग के कोई भी कार्य नहीं किया जा सकता है। भौतिक, आर्थिक या राजनीतिक विकास सभी के लिए एकता और सदभावना की आवश्यकता है। आज सरकार नयी नयी योजनायें बना रही है परन्तु उसका सही इ प्लीमेंटेशन ना होने से इसका लाभ आम जन को नहीं मिल पाता है।

राष्ट्रीय स्वयं संघ के राष्ट्रीय नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि राजयोग भारत की प्राचीन पद्धति है इससे संस्कार और बेहतर संसार दोनो की रचना होती है। पृथ्वी, जल, वायु सब दूषित हो रहा है। संस्कृति भी दूषित हो रही है जो ज्यादा चिंताजनक है। हमारे देश में दुर्भावना और जाति पाति की कोई पर परा नहीं है। सभी को सभी धर्मों, जातियों का स मान करना चाहिए। एक दूसरे पर दुर्भावना के वश बात नहीं करना चाहिए। पूर्व भारत के टेक्सटाईल केन्द्रीय डा के0 स बाशिव राव ने कहा कि यहाँ की व्यवस्था देखने के बाद पता चलता है कि जीवन में मूल्यों का कितना स्थान है। अन्नामलाई विश्वविद्यालय के कुलपति डा एस मेमन ने कहा कि मूल्यों पर आधारित शिक्षा अब विश्वविद्यालयों में भी चलायी जार ही है जो सराहनीय है।

कार्यक्रम में संस्था के महासचिव बीके निर्वेर ने सभी का स्वागत करते हुए पूरे भारत में सकारात्मक माहौल बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, ग्राम विकास प्रभाग की अध्यक्षा बीके मोहिनी, बीके मुन्नी, जयपुर की बीके सुषमा, बीके भरत समेत कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व गुब्बारे उठाकर स मेलन का आगाज किया गया।

## स्वच्छता और सुविधाओं में बनायेंगे मॉडल

आबू रोड, 3 अक्टूबर, निसं। जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि जिले को खासकर माउण्ट आबू तथा आबू रोड को स्वच्छता के क्षेत्र देश का मॉडल बनाया जायेगा। इसके लिए कई योजनायें बनायी जा रही है। साथ ही शहरों में भी लोग खुले में शौच ना करें इसके लिए प्रत्येक गाँव को भी स्वच्छता की

श्रेणी में जोड़ा जायेगा। इसके लिए जो गॉंव पूर्णतया स्वच्छ होगा तथा वहॉं हर घर में शौचालय होगा उसके लिए उसे बीस लाख रूपये का भी प्रावधान होगा जिससे विकास हो सके।

**भड़काने वाले बयानों से बचे आजम, आरएसएस की आजम को नसीहत**

आबू रोड, 3 अक्टूबर, निसं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मंत्री आजम खॉं को ददरी मौत मामले में नसीहत देते हुए कहा कि आजम खॉं को सादिक जो मुसलमानों का पवित्र ग्रंथ है उसका ठीक से अध्ययन करना चाहिए। उसमें गाय के लिए कितना श्रेष्ठ भावना का प्रयोग और उसकी रक्षा के लिए कहा गया है। उन्हें राजनीतिक एवं भड़काऊ बयानों से जोड़ने के बजाए तोड़ने का कार्य कर हे है। वे ब्रह्माकुमारीज संस्था के शांतिवन में भाग लेने आये थे।

फोटो, 3एबीआरओपी, 1, 2, 3, 4 स मेलन को स बोधित करते अतिथि, स मेलन का उदघाटन करते अतिथि, सभा में उपस्थित लोग, सांस्कृतिक प्रस्तुति करते कलाकार